# बीमारू नहीं, अब विकसित मध्यप्रदेश हमारा अभिमान : डॉ .राजेश मिश्रा

## गौरव, संस्कृति और विकास का संगम : मानस भवन में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का भव्य उत्सव







**नवभारत न्यूज**

**सीधी 1 नवम्बर। सीधी का मानस भवन आज देशभक्ति, गर्व और उत्सव के रंगों से सराबोर हो उठा, जब पूरे उल्लास के साथ मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रगान की गूंज से पूरा परिसर गूंज उठा - जय मध्यप्रदेश, जय भारत के नारे वातावरण में जोश भर रहे थे।**

कार्यक्रम में विधायक धौंहनी कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विश्वामित्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, देव कुमार सिंह चौहान, पार्षद आनंद परियानी, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, समाजसेवी और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय, एएसपी अरविंद श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर राजेश शुक्ला, एसडीएम गोपद बनास राकेश शुक्ला सहित प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन को और गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर सांसद डॉ.मिश्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि यह हमारी पहचान और आत्मगौरव का प्रतीक है। कभी बीमारू कहे जाने वाला हमारा प्रदेश आज देश के अग्रणी और विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में औद्योगिक निवेश, बुनियादी ढांचे और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संभाग और जिला स्तर पर इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव का आयोजन इसी दिशा में एक बड़ा कदम है जिसके सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगे हैं। सांसद ने सरदार बल्लभभाई पटेल को नमन करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता के शिल्पी सरदार पटेल के आदर्शों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि आइए, हम सब मिलकर विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाएं और अपने प्रदेश के गौरव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। कार्यक्रम के सांस्कृतिक आयामों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गणेश विद्यालय की छात्राओं ने पारंपरिक परिधान में राई नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। सांदीपनि विद्यालय सीधी के विद्यार्थियों ने एकता और विकास पर आधारित समूह नृत्य से तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। वहीं उत्कृष्ट विद्यालय क्र.1 के विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश की लोकसंस्कृति पर आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुत की। तालियों की गूंज और जय मध्यप्रदेश के जयघोष ने पूरा मानस भवन उत्सवमय बना दिया।

### आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की झलक प्रदर्शनी में

कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, ग्रामीण आजीविका मिशन, वन विभाग, कृषि विभाग, और एक जिला एक उत्पाद अंतर्गत पंजा दरी, कालीन तथा स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों ने सभी स्टॉलों का अवलोकन कर शिल्पकारों और लाभार्थियों का उत्साहवर्धन किया। यह प्रदर्शनी आत्मनिर्भर और स्वावलंबी म.प्र. की सजीव झलक बनी।

### सफलता की मिसालें- प्रेरक अनुभवों से भरा मंच

समारोह में शासन की योजनाओं से लाभान्वित नागरिकों ने अपने अनुभव साझा किए। लखपति दीदी राजकली साकेत और पूजा रजक ने आजीविका मिशन से मिली सफलता की प्रेरक कहानी सुनाई, जिसने सभी को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया। हिमांशु सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के माध्यम से अपने उद्योग की सफलता का अनुभव साझा किया और युवाओं को उद्यमिता अपनाने का संदेश दिया।

# कलेक्टर ने किया असमय बारिश से फसल नुकसान का अवलोकन




**नवभारत न्यूज**

**सीधी 1 नवम्बर। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिले में विगत दिनों हुई असमय बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर किसानों की फसलों में हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने पनवार बघेलान एवं पनवार चौहान टोला पहुंचकर खेतों में खड़ी फसलों की स्थिति का जायज़ा लिया और किसानों से सीधे संवाद स्थापित किया।**

कलेक्टर श्री सोमवंशी ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि फसल नुकसान के प्रत्येक मामले का आंकलन पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता और ईमानदारी के साथ किया जाएगा। शासन के नियमानुसार पात्र किसानों को राहत राशि अवश्य उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि फसल नुकसान का सर्वे कार्य प्रारंभ कर प्रारंभिक रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा कि सर्वे में किसी भी प्रकार की लापरवाही या चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी किसान सर्वे से वंचित न रहे। कलेक्टर ने आगे कहा कि अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में मौसम की स्थिति पर सतत निगरानी रखें और किसानों से लगातार संपर्क बनाकर रखें, ताकि किसी भी किसान को भ्रम या असुविधा का सामना न करना पड़े। भ्रमण के दौरान कलेक्टर के साथ उपखंड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्रावासों में मनाया गया स्थापना दिवस, खिलाया गया विशेष भोज





**नवभारत न्यूज**

**कुसमी 1 नवम्बर। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर कुसमी मुख्यालय के शासकीय आदिवासी उत्कृष्ट सीनियर बालक छात्रावास क्रमांक 1 कुसमी में जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह की मौजूदगी में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर महापुरूषों की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम किया गया और महापुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित करते हुए महापुरुषों के जयकारों एवं अमर रहे के नारे लगाए गए।**

इस दौरान अधीक्षक सुरेन्द्र टांडिया द्वारा अतिथियों एवं छात्रों को विशेष भोज खिलाया गया। इसी तरह आदिवासी उत्कृष्ट कन्या छात्रावास कुसमी में हीराबाई सिंह के मुख्य अतिथि, सरपंच चेतना सिंह के विशिष्ट आतिथ्य, उपसरपंच विमल जायसवाल, प्राचार्य पी.के.पाण्डेय, दशमतिया साहू, कमलेश द्विवेदी, पत्रकार जन्मेजय जायसवाल, रामकेश द्विवेदी, अमित श्रीवास्तव, समाजसेवी भूपेन्द्र सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जहां स्थापना दिवस के अवसर पर छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। अधीक्षिका मिथिलेश सिंह द्वारा छात्राओं को विशेष भोज खिलाये गए। अंग्रेजी माध्यम बालक छात्रावास कुसमी में बीईओ रविचंद दास की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अधीक्षक भुवन सिंह द्वारा विशेष भोज खिलाया गया। कार्यक्रम में शिक्षक कमलेश सिंह, श्रुती सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# गणेश की छात्रा का राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन





**नवभारत न्यूज**

**सीधी 1 नवम्बर। नगर के श्री गणेश हायर सेकेण्डरी स्कूल अमहा की कक्षा नौवीं की छात्रा छवि सिंह का चयन बालिका वर्ग के अंडर-19 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए रीवा संभागीय टीम में हुआ है।**

यह प्रतियोगिता 1 से 5 नवम्बर तक शिवपुरी जिले में होगी। चयन के बाद अब छवि राज्य स्तर की प्रतियोगिता में जिले और संभाग का प्रतिनिधित्व करेगी। छात्रा की सफलता से विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उसकी उपलब्धि का स्वागत किया है। विद्यालय के प्राचार्य जे.एन.मिश्र ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उसकी सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। उनके खेल प्रशिक्षक माखनलाल मिश्र, प्रकाश श्रीवास्तव, ए.के. नवैत, ए.एस.भट्ट, विनायक पाण्डेय, सतीश तिवारी, सौरभ द्विवेदी, पुष्पराज मिश्र, प्रदीप मिश्र, राजेन्द्र मिश्र, रामचरण मिश्र, जागृति मिश्रा एवं नीलम मिश्रा सहित अन्य सभी शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी और ढेरों शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# पेंशनरों का सम्मान सम्मेलन स्टेट बैंक में आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 1 नवम्बर। भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा सीधी में शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार के द्वारा पेंशनरों का सम्मान सम्मेलन का आयोजन आज 1 नवमबर को किया गया।**

जिसमें विद्युत पेंशनर्स एवं राज्य पेंशनर्स केन्द्र के पेंशनर्स एवं परिवार पेंशनर्स उपस्थित हुए। सभी पेंशनरों का भारतीय स्टेट बैंक सीधी के शाखा प्रबंधक एवं कर्मचारियों के द्वारा सभी पेंशनरों के साथ मिलकर केक काटकर पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों का सम्मान बड़े हर्ष उल्लास के साथ किया गया। जिसमें सभी पेंशनर्स शाखा प्रबंधक को बड़े उत्साह पूर्वक उनके इस कार्यक्रम आयोजन के लिए उन्हें बधाई दिया कि यह कार्यक्रम प्रथम बार भारतीय स्टेट बैंक सीधी में किया गया है। विद्युत पेंशनर्स की ओर से भीमसेन सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष, श्यामलाल पाण्डेय अध्यक्ष,, मो.वारिस अंसारी कोषाध्यक्ष, भगवानदीन वर्मा वृद्धि पेंशनर, रामलोचन मिश्रा के अतिरिक्त राज्य केन्द्र के सभी पेंशनर्स एवं परिवार पेंशनर उपस्थित रहे।

# बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सजग रहे प्रशासन : कनपुरा कुटुंबकम संस्थान

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 1 अक्टूबर। देवउठनी एकादशी से शुरू होने वाले शादी-विवाह के मौसम के मद्देनजर सीधी जिले में बाल विवाह के खिलाफमुहिम चला रहे गैर-सरकारी संगठन कनपुरा कुटुंबकम संस्थान ने जिला प्रशासन व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) से बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सख्त निगरानी और अत्यधिक सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है।**

संगठन ने जिला प्रशासन को भेजी गई चिट्ठी में बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए कड़ी चौकसी की अपील की है ताकि ऐसी कोई भी घटना प्रशासन की जानकारी से ओझल नहीं रह सके और तत्काल कार्रवाई की जा सके। साथ ही जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना आवश्यक है कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास किसी संभावित बाल विवाह की जानकारी है तो वह तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या स्थानीय थाने को सूचित करे ताकि इस अपराध को रोका जा सके। संगठन ने एक नवंबर से शुरू हो रहे शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन से, सरपंचों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और पुलिस को अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश देने की अपील की है। इसके साथ ही संगठन ने आज से ही गांवों और स्कूलों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान को गति देने का फैसला करते हुए धार्मिक नेताओं से भी इस मौके पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की है। कनपुरा कुटुंबकम संस्थान के निदेशक लाल योगेंद्र सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के अपने ऐतिहासिक फैसले में जिलों को बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्क रहने को कहा है। हम जिला प्रशासन से सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों पर अमल की मांग कर रहे हैं। संगठन ने सभी धार्मिक नेताओं और विवाह समारोह में टेंट, सजावट या बैंड बाजा मुहैया कराने वाले सेवा प्रदाताओं से अनुरोध किया है कि वे सुनिश्चित करें कि वे किसी भी बाल विवाह में अपनी सेवाएं देकर इसका हिस्सा नहीं बनेंगे। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार जो भी किसी भी तरह से बाल विवाह में भागीदारी करता है, सेवाएं प्रदान करता है, इसे संपन्न या निर्देशित करता है उसे दो साल का सश्रम कारावास और एक लाख रुपए जुर्माना या दोनों हो सकता है।

## एक नजर में

### बेमौसम बारिश से किसानों को भारी क्षति : हेमप्रताप



**सीधी।** बेमौसम बारिश से किसानों की धान की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। अन्नदाता प्राकृतिक कहर से पूरी तरह से टूट चुका है। ऐसे नाजुक समय में उसे केवल उम्मीद है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव किसानों को प्राकृतिक कहर से उबारने के लिए जल्द से जल्द उचित मुआवजा प्रदान कराएं। यह बातें समाजसेवी हेमप्रताप तिवारी एडवोकेट ने कई गांवों का भ्रमण कर किसानों से मुलाकात के पश्चात कही। श्री तिवारी ने कहा कि वर्तमान में गांवों में देखा जाए तो खेतों में धान की फसल पूरी तरह से बारिश के चलते नीचे गिर गई है। नीचे गिरने वाली धान की फसलें तेजी से अंकुरित भी हो रही हैं। खेतों में तबाही का नजारा देखकर अन्नदाता की आंखों में आंसू हैं।

### गोल्ड मेडल जीतने पर अभय मिश्रा का भव्य स्वागत





**सेमरिया।** जिले के ग्राम कुबरी निवासी होनहार छात्र अभय मिश्र ने 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए वेटलिफ्टिंग अंडर-19 वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किया है। अभय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के कक्षा 10वीं के छात्र हैं। इंदौर में आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। अभय के इस शानदार प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके गृह ग्राम कुबरी पहुंचने से पहले ही बढ़ौरा बस स्टैण्ड पर उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन, परिजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। लोगों ने माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर अभय का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने कहा कि अभय मिश्रा ने न सिर्फ अपने विद्यालय बल्कि पूरे सीधी जिले का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर अभय मिश्रा के पिता श्रवण मिश्रा परिवारजनों एवं शुभचिंतकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं कीं। ग्राम कुबरी सहित आसपास के क्षेत्रों में इस उपलब्धि को लेकर हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर श्रीरमा मिश्रा, विक्रम तिवारी गुड्डु कुबरी, रामजन्म तिवारी बढ़ौरा, शैलेश तिवारी स्कूल संचालक देवगढ़, अटल मिश्रा बैंक अधिकारी सीधी, अतुल मिश्रा, अंजुम मिश्रा, संदीप शर्मा सोनू, पिंकू शुक्ला, बृजराज तिवारी, रामप्रसाद कोल सरपंच बढ़ौरा, बृहस्पति तिवारी पूर्व सरपंच, विवेक तिवारी, मोनू सिद्धी तिवारी, पत्रकार उपेन्द्र मिश्रा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अंगीकार अभियान के तहत मानस भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना मेला आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 1 नवम्बर। शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन तथा सीएमओ मिनी अग्रवाल के मार्गदर्शन में शुक्रवार 31 अक्टूबर को स्थानीय मानस भवन सीधी में एकदिवसीय अंगीकार अभियान-2025 अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) मेला का आयोजन किया गया।**

इस मेले का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों सहित अन्य पात्र नागरिकों को शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से जोड़ना और अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिलाना था। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों और अग्रणी बैंकों की सक्रिय भागीदारी रही। एलडीएम अवध बिहारी चौधरी के सहयोग से जिले के प्रमुख बैंकों- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और बंधन बैंक द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए। सीएमएचओ सीधी के मार्गदर्शन में मेले में एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया। इसमें नागरिकों का शुगर, बीपी, फैटी लीवर आदि की जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया।

# विकसित और आत्मनिर्भर भारत की नींव रखने वाले सरदार पटेल ही हैं : डॉ . मिश्रा

## आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ सांसद की दूसरे दिन भी जारी रही पद यात्रा, मिल रहा अपार आशीर्वाद



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 1 नवम्बर। लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा की यात्रा जिले के विभिन्न ग्रामो में आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प यात्रा एवं सरदार पटेल की 150 यूनिटी मार्च दूसरे दिन भी जारी रही और लोगों का भरपूर स्नेह और अपार जन समर्थन प्राप्त हो रहा है।**

नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं आत्मनिर्भरता के संकल्प को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें जनभागीदारी और उत्साह का अद्भुत समावेश देखने को मिला। सांसद डॉ.मिश्रा ने कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने सांसद डॉ.राजेश मिश्रा की यात्रा रन फॉर यूनिटी की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की कार्य योजनाओं एवं उनका फिट वेक लेने के लिए यह एक अच्छा शानदार आयोजन है। सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कार्यक्रम में भारत के लौहपुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल के राष्ट्र एकता एवं आत्मनिर्भरता के आदर्शों को आत्मसात करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को दोहराया। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, युवाओं, महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्र निर्माण के प्रति अपना अटूट विश्वास प्रकट किए। सांसद ने कहा कि आज हम लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मना रहे हैं। जिन्होंने 562 रियासतों को बिना किसी खून खराबे, बिना किसी झगड़े के दिलाकर एक संगठित भारत का निर्माण किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हैदराबाद और जूनागढ़ जैसी रियासतें जो थोड़ा तिरछे चलते थे उनकी चाल को सीधा कर दिया और एक भी व्यक्ति का खून नहीं बहा। सांसद डॉ.मिश्र ने कहा कि लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल वास्तव में लोह पुरुष ही थे अपने कार्य के प्रति उनका समर्पण जो जीवन भर रहा जिसने देश को मजबूत बनाया, अखंड बनाया और आज जो हम विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे हैं इसकी नीव रखने वाले लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल ही थे। आज विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा अगर किसी व्यक्ति की है वह भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की है। आज पूरा भारत सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती मना रहा है। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर सांसद डॉ.राजेश मिश्रा द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कुबरी से बहरी तक यूनिटी मार्च कार्यक्रम जिला स्तरीय पदयात्रा को निर्धारित झंडी दिखाकर रवाना किया।

### सांसद व विधायक ने आत्मनिर्भर भारत का दिलाया संकल्प

कार्यक्रम का समापन विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल सीधी द्वारा एकता शपथ एवं डॉ .राजेश मिश्रा सांसद सीधी द्वारा सभी को नशा मुक्त, आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### कार्यक्रम में इनकी रही सहभागिता

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह, भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य निर्वाण सिंह चौहान, जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र परिहार, पूर्व जिला अध्यक्ष के .के .तिवारी, डॉ .देवेन्द्र त्रिपाठी, डॉ .विक्रम सिंह, शिवदान साकेत, डॉ .मनीला सिंह, अखिलेश पाण्डेय, अंजू पाठक, कंचन केसरी, अन्नू पाण्डेय, संगीता सिंह चौहान, कुलदीप सिंह जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत, प्रमोद द्विवेदी, अभय सिंह बबलू तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों, छात्र, शिक्षक, आदि ने यूनिटी मार्च में प्रतिभाग किया गया।